1	2	3	4
16.	पन्ना	7	6
17.	टिकमगढ़	5	5
18.	छतरपुर	8	7
19.	रीवा	32	24
20.	सीधी	66	68
21.	सतना	12	5
22.	शहडोल	86	86
23.	झाबुआ	2	2
24.	पूर्वी निमार (खंडवा)	6	6
25.	शिवपुरी	1	1
26.	रायसिन	1	1
27.	होसंगाबाद	7	6
28.	बिटुल	55	56
29.	रतलाम	1	1
	कुल :	913	901

भंडारण तथा प्रसंकरण की अपर्याप्त सुविधायें

6016. **श्री शिव प्रसाद चनपुरिया :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में कृषि-क्षेत्र में भंडारण और प्रसंस्करण की अपर्याप्त सुविधाओं के कारण प्रति वर्ष तीस हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की हानि होती है ; और

(ख) यदि हां, तो इस हानि को रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या-क्या उपाय किए जा रहे हैं ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम) : (क) तथा (ख) संबंधित विभागों/मंत्रालयों से उपर्युक्त विषय के बारे में विस्तृत जानकारी एकत्र की जा रही है और उसे सभा पटल पर रख दिया जायेगा ।

मध्य प्रदेश में मूंगफली के बीजों/तेल का लाया-ले जाया जाना

6017. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने मूंगफली के बीजों तथा तेल को अन्य राज्यों में लाने-ले जाने पर प्रतिबंध लगाने के लिए केन्द्रीय सरकार की अनुमति मांगी है ;

(ख) यदि हां, तो इस प्रकार की अनुमति किस आधार पर मांगी गई है ; और

(ग) मध्य प्रदेश-सरकार द्वारा किये गये अनुरोध पर केन्द्रीय सरकार द्वारा क्या कार्यवाही किए जाने का विचार है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस० कृष्ण कुमार): (क) और (ख) तिलहनों तथा दालों से सम्बन्धित प्रौद्योगिकी मिशन, कृषि मंत्रालय को, मध्य प्रदेश सरकार से ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है ।